# पुलिस विभाग द्वारा नीलाम होने वाले वाहनों की अब होगी ऑनलाइन बोली

## आगामी समय में बड़े गांवों में विकसित की जाएंगी कॉलोनियां: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**8 राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में पुलिस को आदेश जारी कर दिए जाएंगे: सीएम मनोहर लाल**

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/भिवानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की है कि सभी जिलों में पुलिस विभाग द्वारा नीलाम किए जाने वाले वाहनों की अब ऑनलाइन बोली की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में पुलिस को आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि गांव से शहरों की ओर पलायन रोकने के लिए शहरों जैसी सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन सुविधाएं इत्यादि गांवों में प्रदान की जाएंगी। आगामी समय में बड़े गांवों में कॉलोनियां विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री भिवानी जिले के गांव खरक कलां में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस विभाग द्वारा नीलाम किए जाने वाले वाहनों की नीलामी ऑनलाइन करने के लिए मुख्यमंत्री को निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने उपरोक्त घोषणा की।

**खरक कलां गांव में कई कार्य किए मंजूर, इस वित्त वर्ष के लिए गांव को 2.30 करोड़ रुपये की दी जाएगी राशि:** मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामिणों की मांग के अनुसार सरकार ने खेतों के रास्ते और गांव में कम्युनिटी सेंटर बनाने की मांग को मंजूर किया है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के तालाब का नवीनीकरण कार्य अगस्त माह तक पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक खरक कलां गांव के लिए 60 लाख रुपये दिए गए और इस वित्त वर्ष के लिए 2.30 करोड़ मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार की ग्रांट के तहत भी 70 करोड़ रुपये की ग्रांट दी गई है। कार्यक्रम के दौरान किसान अजीत ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बीमारी के ईलाज की जानकारी देते हुए बताया कि वे बहुत गरीब हैं और जीवनयापन मुश्किल से हो रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत अपने निजी कोष से उन्हें 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा, जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि उनकी पेंशन और पीला कार्ड भी बनवाया जाए।

**12 लाख नए राशन कार्ड बने:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास शिकायत आती थी कि पात्र लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं और अपात्र लोग कई प्रकार के लाभ लेते हैं। जिसके लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमेटिक राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की, जिसके तहत लगभग 12 लाख नए राशन कार्ड बने हैं। अब केवल पात्र लोगों को ही सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि खरक कला गांव में भी लगभग 300 नए कार्ड बने हैं। खरक कलां गांव में 286 लोगों ने बीमारी के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा का उठाया लाभ, साढ़े 30 लाख रुपये की राशि अस्पतालों को दी गई मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गांव में 4000 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। 286 लोगों ने बीमारी के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठा लिया है।



### 'किसान अपनाएं सूक्ष्म सिंचाई'

**मुख्यमंत्री** ने गांव के किसानों से आह्वान किया कि वे धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती करें और सूक्ष्म सिंचाई को अपनाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगातार भू जल स्तर घटता जा रहा है और सरकार की पहली प्राथमिकता पीने के पानी की जरूरत को पूरा करना है। उसके बाद सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार नहरों पर आरटीडास मशीनें लगा रही है, जिससे स्त्रोत पर कितना पानी आ रहा है और डिस्ट्रीब्यूटरी में कितना पानी जा रहा है, उसका पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे पानी की चोरी पर भी रोक लगेगी। अब तक 150 ऐसी मशीनें लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा, पानी के पुन: उपयोग के लिए 200 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और एसटीपी लगाए गए हैं। लगभग 700 क्यूसेक पानी का पुन: उपयोग किया जा रहा है। हरियाणा देश का पहला राज्य, जहां पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश में पहला राज्य है जिसने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया। इतना ही नहीं, पढ़ी-लिखी पंचायत वाला भी हरियाणा ही पहला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष फील्ड कार्यक्रमों की शुरूआत इस गांव से की है। इस गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल के पहले 2 साल में कोरोना महामारी के कारण से कई कार्य नहीं हो पाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी पर नियंत्रण किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का प्रयास है कि नागरिकों का जीवन किस प्रकार से खुशहाल व समृद्ध बने।

### ठेठ ग्रामीण पृष्ठभूमि में हुआ जन-संवाद

**यह** जन-संवाद कार्यक्रम अपने आप में अनूठा व अलग अंदाज में दिखा। मुख्यमंत्री ने ठेठ हरियाणवी पृष्ठभूमि को छूते हुए चारपाई व मूढ़ों पर बैठकर ग्रामीणों के साथ संवाद किया। ग्रामीण भी मुख्यमंत्री के इस अंदाज पर कायल हो गए और उन्होंने कहा कि इस प्रकार उनके बीच में बैठकर प्रदेश के मुखिया ने उनकी बातों को सुना, यह अपने आप में मुख्यमंत्री का नागरिकों के प्रति प्रेम व अपनेपन के भाव को दर्शाता है। जन संवाद कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने गांव में स्थित दादी सती जाबदे मंदिर में माथा टेका और सर्वजन के कल्याण की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री डेरा नाथ संप्रदाय बाबा रणपत मान धापा में भी गए।

## युवक को दी जान से मारने की धमकी

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में डेयरी के बाहर गली में चारे की ट्राली भरकर खड़ा करने का विरोध करना युवक को महंगा पड़ गया। डेयरी संचालक युवक ने अपने सहयोगियों के साथ युवक को धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों को नामजद कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुरथल रोड निवासी वेद प्रकाश ने बताया कि उनकी गली में पवन डेयरी है। जिसमें काफी भैंसे व गाय है।

गली के अंदर डेयरी संचालक चारे की ट्राली भरकर खड़ी कर दी। साइड से मोटर साइकिल तक निकलने का रास्ता नहीं छोड़ते। इस बारे में जब उन्हें कहा तो धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि अजय, पवन व देसबीर ने उसे गली में पकड़कर मारने का प्रयास किया। किसी तरह वह वहां से निकला। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# बिजली उपभोक्ताओं की उनके निकटतम स्थान पर सुनवाई

## उपभोक्ताओं के पूर्ण संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किये गए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**उत्तर** हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति देने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के पूर्ण संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की शिकायतें अपने निकटतम स्थान पर दर्ज करने और पुरानी शिकायतों की सुनवाई के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के सदस्य अप्रैल माह में 12 स्थानों का दौरा करेंगे।

यह जानकारी देते हुए निगम के प्रवक्ता ने बताया कि मंच के सदस्य, 03 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल सोनीपत, 06 अप्रैल को ऑपरेशन डिविजन, पंचकूला, 12 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल अंबाला, 13 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल रोहतक, 17 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल करनाल, 18 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल पानीपत, 19 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल कैथल, 21 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल झज्जर, 24 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल कुरुक्षेत्र, 25 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल यमुनानगर, 26 अप्रैल को ऑपरेशन सिटी डिविजन पानीपत और 28 अप्रैल को ऑपरेशन डिविजन पिंजौर में सी.जी.आर.एफ. टीम के सदस्य शिकायतों की सुनवाई सुबह 11 बजे से 4 बजे तक करेंगे और नई शिकायतें भी दर्ज करेंगे। इससे उपभोक्ताओं को अपने केस की सुनवाई की सुविधा निकटतम स्थान पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा क्षेत्रीय दौरे को छोड़कर कार्यालय आने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण सीजीआरएफ मुख्यालय पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।



# किसानों को समर्पित है मनोहर सरकार: सुखविंदर मांढी

**8 किसानों को जागरूक होते हुए लाभप्रद कृषि करनी चाहिए, अपनी फसल के प्रोडक्ट बना कर खुद बेचने चाहिए**

**गांव** महिपुर में किसान जमावड़ा का आयोजन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा रमेश महीपुर ने किया मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा पूर्व विधायक सुखविंदर मांढी जी रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व चैयरमैन ललित बत्रा व प्रदेश उपाध्यक्ष फूल खरब रहे। किसानों को संबोधित करते हुए सुखविंदर मांढी ने कृषि व किसान कल्याण के लिए पूरे देश में मोदी की किसान हितैषी योजनाओं व प्रदेश में किसानों को समर्पित मनोहर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया कि किस प्रकार से किसान ज्यादा से ज्यादा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले। सुखविंदर मांढी ने कहा कि किसानों को जागरूक होते हुए लाभप्रद कृषि करनी चाहिए साथ ही किसानों को अपनी फसल के प्रोडक्ट बना कर खुद बेचने चाहिए साथ ही पशुपालन, मछली पालन, बागवानी व अन्य रास्ते अपनाते हुए लाभप्रद कृषि करनी चाहिए इस अवसर पर फूल खरब जी ने कहा कि किसान मोर्चा सदैव किसानों के साथ है कभी भी कोई भी समस्या हो किसान मोर्चा का हर कार्यकर्ता किसानों के साथ खड़ा हैं। अन्य वक्ताओं में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य,जिला प्रभारी रत्न सागर, जिला अध्यक्ष रोहतक राजकुमार सुनारिया, जिला अध्यक्ष चरखी दादरी संदीप फोगाट,प्रदेश कायेकॉरिणी सदस्य युद्धवीर भरद्वाज,नवीन धनखड़,राकेश मलिक,प्रदेश मीडिया प्रमुख सुनील वत्स,जिला महामंत्री अजय भटाणा, श्यामवीर जटवाड़ा,जिला उपाध्यक्ष युद्धवीर मोहना,रामदिया गोपालपुर,जसबीर पंवार,मंडल अध्यक्ष ईशु रिढ़ाऊ,राजेश कादयान,विनोद खत्री,प्रदीप मोहना,महेश सैनी व एक्स सरपंच बस्ती राम, सुभाष व काफी संख्या में कई गांव के किसान उपस्थिति रहे।



# आवश्यकतानुसार सड़कों को चौड़ा और मजबूत करेंगे : दुष्यंत चौटाला

**8 हिसार जिला की सीमा तक फोरलेन किया जाएगा, इस रोड पर स्थित 3 पुलों को भी चौड़ा और मजबूत किये जाने की मंजूरी मिली है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आवश्यकतानुसार सड़कों को चौड़ा और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क ,परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम के तहत राज्य की 11 सड़कों और 11 पुलों को चौड़ा और मजबूतीकरण करने की मंजूरी मिल गई है जिन पर करीब 725 करोड़ रुपए खर्च होंगे , इनके अलावा हिसार जिला के सूरेवाला मोड़ से लेकर पंजाब - हरियाणा बॉर्डर तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा जिस पर करीब 150 करोड़ खर्च होंगे। डिप्टी सीएम , जिनके पास हरियाणा लोक निर्माण ( भवन एवं सड़कें ) विभाग का प्रभार भी है , ने बताया कि वे हाल ही में केंद्रीय सड़क ,परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिले थे और हरियाणा से संबंधित विभिन्न सड़कों के प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द स्वीकृत करने और राशि जारी करने का अनुरोध किया था, जिस पर गडकरी ने सकारात्मक कदम उठाते हुए उनकी डिमांड के अनुसार कई सड़कों को चौड़ा करने और मजबूती करने के लिए मंजूर कर दिया है।

**ये प्रोजेक्ट्स सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड किए मंजूर:** स्कीम के तहत बनाए जायेंगे। कौन-कौन सी सड़कें हुई हैं मंजूर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत -सफीदों -जींद रोड़ पर पानीपत से सफीदों तक रोड़ को फोर-लेन किया जाएगा और सफीदों से जींद तक 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इस 65 किलोमीटर की लम्बाई के रोड पर लगभग 184.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा , जींद जिला में उचाना से लितानी तक 17.83 किलोमीटर लम्बाई के रोड को 7 मीटर तक चौड़ा करने और मजबूत करने पर 43.71 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने आगे बताया कि हांसी -तोशाम रोड को हिसार जिला की सीमा तक फोरलेन किया जाएगा, इस रोड पर स्थित 3 पुलों को भी चौड़ा और मजबूत किये जाने की मंजूरी मिली है , इन पर 60 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



# चीनी मिल पेराई सत्र- तकनीकि खराबी के चलते 11 घंटे तक रूका पेराई सत्र

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

दि सोनीपत चीनी मिल का पेराई सत्र तेज रफ्तार से चल रहा था। तकनीकि खराबी के चलते पेराई सत्र 11 घंटे तक रोकने पर मजबूर होना पड़ा। रविवार को तकनीकि खराबी ठीक करके पेराई सत्र को पटरी पर लाने का प्रयास किया। पेराई सत्र चलने के बाद मिल प्रबंधन व गन्ना उत्पादकों ने राहत की सांस ली। इस पेराई सत्र के दौरान मिल की तरफ से सालों बाद रिकार्ड बनाएं जा रहे है। शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दि सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के वर्ष 2022-23 पेराई सत्र की शुरूआत नंवबर माह में हुई थी। मिल प्रबंधन की तरफ से नवंबर माह से लेकर अब तक तेजी से गन्ने की पेराई का काम किया जा रहा था। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक सोनीपत चीनी मिल में करीब 16 घंटे का ही ब्रेकडाउन हुआ था। लेकिन बीती रात करीब 11 बजे सोनीपत चीनी मिल के अंदर चेन ब्रेक हो गई। जिसके चलते पेराई के काम को तुरन्त प्रभाव से रोकना पड़ा। तकनीकी खराबी को दूर करने में मिल प्रशासन को करीब 11 घंटे लग गए। जिसके बाद ही पेराई का काम शुरू हो पाया। लंबे ब्रेकडाउन की वजह से गन्ना उत्पादकों के साथ मिल प्रबंधन को भी परेशानी झेलनी पड़ी।

**रविवार सुबह तक यार्ड में जमा हो गया 19 हजार क्विंटल गन्ना:** रात के समय सोनीपत चीनी मिल में आई तकनीकी खराबी की वजह से यार्ड में भी करीब 19 हजार क्विंटल गन्ना जमा हो गया। पिछले 24 घंटे में सोनीपत चीनी मिल में महज 9566 क्विंटल गन्ने की पेराई हो पाई। जबकि सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। सोनीपत चीनी मिल इस बार अपनी क्षमता के हिसाब से ही गन्ने की पेराई कर रहा था। तकनीकी खराबी दूर होने के बाद रविवार को शाम के पांच बजे तक 3500 क्विंटल गन्ने की पेराई हो गई थी।

**25 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने की हो चुकी है पेराई, किसानों के साथ 36 लाख क्विंटल का है करार:** सोनीपत चीनी मिल में मौजूदा पेराई सत्र के दौरान तेजी से गन्ने की पेराई की गई है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 25 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। जबकि अभी अप्रैल माह के अंतिम दिनों तक गन्ने की पेराई का काम किया जाएगा।

# पंचर बस में ट्रक की टक्कर से खाटू श्याम जा रहे 15 श्रद्धालु घायल

**8 सभी घायल बस का पंचर टायर बदले जाने के दौरान बस के आगे खड़े थे। ट्रक की टक्कर से सभी बस की चपेट में आ गए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राई थाना** क्षेत्र में कुंडली-पलवल-मानेसर (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर गांव बढ़मलिक के पास पंचर हुई बस का टायर बदलते समय ट्रक की टक्कर से 15 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे में करीब दस अन्य को हल्की चोट आई। सभी घायल बस का पंचर टायर बदले जाने के दौरान बस के आगे खड़े थे। ट्रक की टक्कर से सभी बस की चपेट में आ गए। श्रद्धालु यूपी के मेरठ से खाटू श्याम के दर्शन करने जा रहे थे। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से छह को ज्यादा चोट होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर व रोहतक रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पतालों में भर्ती कराया है। राई थाना पुलिस ने एक घायल के भाई के बयान पर ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ट्रक चालक का पता करने के प्रयास कर रही है।

गोकुलपुरी मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार रात को करीब दस बजे उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित बागपत रोड निजी बस राजस्थान के सीकर स्थित खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने के लिए चली थी। बस में उनके व उनके भाई समेत करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। जब बस केएमपी के जीरो प्वाइंट से आगे खरखौदा की तरफ चली तो गांव बढ़मलिक के पास अचानक बस के आगे का बाएं तरफ का पहिया पंचर हो गया। जिस पर चालक ने बस को एक तरफ रोक दिया। इसके बाद जैक लगाकर चालक टायर बदलने लगा। इसी दौरान करीब 15-20 श्रद्धालु नीचे उतरकर बस के आगे रोशनी में खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस ने आगे खड़े श्रद्धालुओं को चपेट में ले लिया।

हादसे में करीब 15 लोग घायल हो गए। वहीं बस में बैठे करीब 10 अन्य लोगों को चोट आई। हादसे के बाद हड़कंप मच गया। मामले की सूचना राई थाना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस ने घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया। जहां पर उन्हें उपचार दिया गया। अस्पताल में मेरठ के गोकुलपुरी निवासी गजेंद्र, राजा, विकेत, ललित, सुरेंद्र गुप्ता, मेरठ के शेखपुरा निवासी मनीष, शिव पुरम निवासी अंकुर, ब्रहमपुरी निवासी विशाल, ओमप्रकाश, गांव गढ़ी झांझड़ निवासी सोमबीर, मेरठ निवासी संजीव, सत्यम कुमार, सत्यम गुप्ता, गाजियाबाद के लोहा मंडी निवासी अशोक व राजस्थान के जयपुर निवासी देबूबाना घायल हो गए।

# प्रदेश में 4 अप्रैल को निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं रहेगी बंद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राजस्थान में** राईट-टू-हैल्थ बिल का विरोध कर रहे चिकित्सक 15 दिनों से धरने पर चले है। जिनके समर्थन में आईएमए(इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) की तरफ से चार अप्रैल से पांच अप्रैल तक ओपीडी सेवाओं के साथ आपातकालीन सेवाओं को बंद रखेगें। आईएम के हुई बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस समर्थन करते हुए बंद करने का निर्णय लिया है। वहीं नागरिक अस्पताल में प्रबंधन की तरफ से हड़ताल के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात कही है। आईएमए के जिला प्रधान सीपी शर्मा ने बताया कि आरटीएच (राइट-टू-हैल्थ) कानून जनता को भ्रमित करने वाला कानून है। जिसमें चिकित्सक और आमजनता दोनों को नुकसान होने वाला है। यह कानून सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं के बारे में है, जिसके अंतर्गत कोई भी छोटा से छोटा अस्पताल, कोई भी चिकित्सक इमरजेंसी का इलाज करने को बाध्य होगा।

चाहे वो उस विशेषज्ञों का विशेषज्ञ हो या न हो,और इसका पूरा खर्च भी उसी अस्पताल या चिकित्सक को ही वहन करना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि आंखों के अस्पताल में दिल के दौरे का मरीज आ जाता है।

# 2 लाख में हुआ था सौदा, बंगाल की नाबालिग हरियाणा में हुई रेस्क्यू

## कॉउन्सिलिंग में हुआ खुलासा, सास ने बेच दिया था आरोपियों को

**8 पश्चिम बंगाल की रहने वाली नाबालिग लड़की जो पिछले 20 दिन से करनाल के निजी आश्रम में रह रही थी**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**ऑपरेशन** स्माइल के पहले ही दिन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल की रहने वाली नाबालिग लड़की जो पिछले 20 दिन से करनाल के निजी आश्रम में रह रही थी, जिसकी सूचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, यमुनानगर इंचार्ज एएसआई जगजीत सिंह को दी गई। एएसआई ने केस की गंभीरता को समझते हुए कॉउन्सिलिंग की तो मामले का खुलासा हुआ, जहाँ पता चला की पीड़िता की शादी पश्चिम बंगाल में हो चुकी है और उसे मानव तस्करी कर हरियाणा लाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और माता पिता से भी संपर्क किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**सास और पति करते थे मार पिटाई, जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता को बेचा:** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल के निजी आश्रम में रह रही सुमित्रा (काल्पनिक नाम) की कॉउन्सिलिंग की गई। कॉउन्सिलिंग में पता चला की पीड़िता डरी हुई है और कुछ छुपा रही है। जैसे ही टीम द्वारा पीड़िता को विश्वास में लिया गया तो उसने बताया कि उसकी शादी सुरजापुर, पश्चिम बंगाल निवासी रेहान खान से हुई थी। पीड़िता को उसका पति और सास पीटते थे और कई कई दिन भूखा रखते थे। फिर 16 फरवरी 2023 को पीड़िता को उसकी सास ने दो आरोपियों विकास व मीरा नाम की महिला को बेच दिया। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी गई।

**शक न हो इसलिए आरोपी बने जीजा और दीदी , ट्रैन से लेकर आये हरियाणा:** पुलिस प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता को आरोपियों द्वारा धमकी दी गई थी कि अगर कुछ भी आवाज की तो अंजाम बुरा होगा। किसी को शक ना हो इसलिए आरोपियों ने खुद को पीड़िता के दीदी और जीजा बना लिया। पीड़िता को ट्रेन में भी ऊपर वाली सीट पर बैठाकर लेकर आये। इसके अलावा टीटी द्वारा पूछने पर बताया कि मेरी साली दिमागी रूप से कमजोर है इसीलिए उसे ऊपर वाली सीट पर मुंह बांधकर बैठा रखा है और उसे इलाज के लिए हरियाणा लेकर जा रहे हैं।



# उद्योगपति लगा सकते है निर्यातक विनोद धमीजा के नाम पर मोहर, 5 अप्रैल को बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के के चेयरमैन के चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। हालांकि पिछले 5 सालों से सर्वसम्मति से उद्योगपति विनोद खंडेलवाल हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन पद पर कार्य कर रहे हैं। विनोद खंडेलवाल का कार्यकाल खत्म होने के बाद पानीपत के उद्योगपति अब अपने-अपने समर्थकों के साथ बैठक कर रहे है। पानीपत ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया एसोसिएशन के मौजूदा संरक्षक एवं शहर के प्रमुख निर्यातक विनोद धमीजा इस बार चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन पद के लिये प्रबल दावेदार है और उनके मुकाबले में श्री भगवान अग्रवाल का नाम सामने आ रहा है पर उन्होंने अभी तक अपने नाम की घोषणा नहीं की है। वहीं शहर के एक निजी होटल में बड़े उद्योगपतियों की हाल ही में मीटिंग हुई है और उसमें उद्योगपतियों ने इस बार चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन पद के उम्मीदवार के लिये उद्योगपति विनोद धमीजा का नाम फाईनल करा दिया गया है। गौरतलब है कि हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स के पानीपत चैप्टर के चेयरमैन पद के चुनाव में शहर के 294 उद्योगपतियों की वोट है और इस चुनाव को लेकर 5 अप्रैल को आम सभा की मीटिंग होनी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी मीटिंग में उद्योगपति विनोद धमीजा के नाम पर सहमती बन सकती है पर सहमती नहीं बनी तो उसके बाद चुनाव करवाने की तारीख तय की जाएगी। पानीपत डायर्स एसोसिएशन के प्रधान भीम राणा, पानीपत एक्सपोर्ट एसोसिएशन के प्रधान ललित गोयल, प्रमुख उद्योगपति रामनिवास गुप्ता, सतीश गोयल व सुरेश तायल आदि ने कहा कि यह आपसी भाईचारे का चुनाव है और पूरे प्रयास किये जाएंगे।



# शिक्षकों ने कॉपी लिखकर छात्रों को किया पास

## टीचर बोले- बच्चों ने छोड़ी खाली कॉपी, 60 बच्चों की कक्षा में केवल चार से पांच बच्चे ही पास हैं, बीजेपी ने केजरीवाल सरकार को घेरा

**खराब रिजल्ट**

**= स्कूलों का नौवीं और 11वीं का परिणाम बहुत खराब आया है। हालत ये हैं कि 96 प्रतिशत से अधिक छात्र फेल हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**राजधानी** के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं और 11वीं के छात्रों की मुख्य परीक्षाएं खत्म हो चुकी हैं। 31 मार्च को इन छात्रों का परिणाम भी जारी हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार बड़ी संख्या में छात्र फेल हुए हैं, जिससे शिक्षा विभाग में हलचल है। शिक्षा निदेशालय ने इन स्कूलों को छह अप्रैल तक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर छात्रों के अंकों में सुधार करने का समय दिया है। बाहरी दिल्ली के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने बताया कि स्कूलों का नौवीं और 11वीं का परिणाम बहुत खराब आया है। हालत ये हैं कि 96 प्रतिशत से अधिक छात्र फेल हुए हैं। 60 बच्चों की कक्षा में केवल चार से पांच बच्चे ही पास हैं। फेल छात्रों की इतनी बड़ी संख्या देखकर प्रधानाचार्य भी चकित हैं। अब शिक्षा निदेशालय की ओर से परिणाम जारी हो जाने के बाद छात्रों के अंकों में सुधार करने का समय दिया गया है। शिक्षकों का आरोप है कि प्रधानाचार्य अपने स्कूल के नौवीं और 11वीं के खराब परिणाम के चलते शिक्षा विभाग की नजर में न आएं और इन पर कोई खराब परिणाम आने का सवाल न उठाएं, इसके लिए शिक्षकों पर छात्रों की कापियों में सही उत्तर लिखकर दोबारा कापी जांच कर उनको पास करने का दबाव बनाया जा रहा हैं।

**उत्तर लिखकर देने पड़ रहे अंक:** एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने बताया कि उनकी कक्षा में अंग्रेजी विषय में अधिकतर छात्र आठ से दस अंकों से फेल हैं। कई छात्रों ने उत्तरपुस्तिका के पन्नों को खाली छोड़ रखा है। कई छात्रों ने उत्तर ही गलत लिखे हैं। छात्रों को 80 अंकों की परीक्षा में 12 से 15 अंक आएं हैं। अब शिक्षा निदेशालय ने जब छात्रों के अंकों में सुधार करने का समय दे दिया तो प्रधानाचार्य उन पर ज्यादा से ज्यादा छात्रों को पास करने का दबाव बना रहे हैं। अब वो फेल बच्चों को पास करेंगे और शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर नए उनके परिणाम को दोबारा अपडेट करेंगे।



### केजरीवाल सरकार का शिक्षा मॉडल फेल: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार का स्वघोषित शिक्षा मॉडल फेल हो गया है और सरकारी स्कूल के शिक्षकों का फीडबैक शिक्षा मॉडल की विफलता को पूरी तरह से उजागर करता है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि पिछले 8 वर्षों में हमने देखा है कि सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले प्रत्येक 100 छात्रों में से 30 से 50 के बीच कक्षा 10वीं की परीक्षा नही देते और इसी तरह के ड्रॉप आउट का पैटर्न 11वीं से 12वीं में भी देखा जाता है, लेकिन जो हम इस साल देख रहे हैं उसने केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल की पोल खोल दी। दिल्ली सरकार के स्कूल के शिक्षकों के फीडबैक के साथ-साथ समाचार रिपोर्टों से यह जानकर हैरानी होती है कि इस साल नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का परिणाम इतना खराब रहा है कि शिक्षा निदेशालय को एक परिपत्र जारी कर शिक्षकों से अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा करने को कहा गया है।

# 'सिसोदिया का भ्रष्टाचार छिपाना चाहते हैं सीएम केजरीवाल'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा** ने रविवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्रियों का विवरण मांगने पर हमला बोला है। भाजपा नेता ने प्रेस वार्ता कर सीएम केजरीवाल पर लोगों का मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज होने के मुद्दे से लोगों को ध्यान भटकाना चाहते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के सीएम की पीएम की डिग्री की जानकारी मांगने की आड़ में आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार से लोगों का भटकाना चाहते हैं, क्योंकि एक अदालत ने उनके नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। पूनावाला ने



आरोप लगाया, "यह दर्जे की राजनीति मुद्दों को भटकाने का एक बहाना है... असली मंशा मनीष और केजरीवाल के भ्रष्टाचार को छिपाने की है।" उन्होंने कहा कि दिल्ली की अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में "नंबर एक" आरोपी सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी।"केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार की डिग्री खुल का सामने आ गई है।"



पुलिस ने फर्जी दिल्ली पुलिस कर्मियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो बाहरी उत्तर जिले में एंटी ऑटो-थेफ्ट स्क्वायड के नाम पर अवैध शराब की तस्करी कर रहे थे। छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# टोकन को कहें टाटा बाय-बाय: मोबाइल व रुपे कार्ड से करें मेट्रो में सफर

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो में सफर करने के लिए यात्रियों को टोकन की जरूरत नहीं होगी। आधुनिक तकनीक के जरिये यात्रा को और सुलभ बनाने के लिए टिकटिंग प्रणाली को कॉन्टैक्टलेस बनाया जा रहा है। डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर भी मेट्रो में आप जल्द सफर कर सकेंगे। इनमें से कोई विकल्प अगर नहीं है तो फिलहाल टोकन मिलेगा। एक साल बाद टोकन के बजाय प्रिंटेंड क्यूआर कोड के जरिये मेट्रो में आप सफर कर सकेंगे। इससे सभी वर्ग के यात्रियों को मेट्रो में सफर की सुविधा मिल सकेगी।

# कोरोना की रफ्तार ने डराया, 400 से ज्यादा केस मिले

## दिल्ली में एक्टिव केस बढ़कर 1216 हो गए हैं, इनमें से 717 मरीज होम आइसोलेशन में जबकि 83 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में कोरोना से एक और मरीज की मौत हो गई, जबकि 416 नए मामले आए। वहीं, 144 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई। 2895 लोगों की कोरोना की जांच हुई जिसमें 14.37 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 1216 हो गए हैं। इनमें से 717 मरीज होम आइसोलेशन में जबकि 83 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से 8 वेंटिलेटर, 42 आईसीयू व 29 ऑक्सीजन सपोर्ट पर भर्ती हैं। एक दिन पहले ही दिल्ली में



कोरोना के हालात पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस बाद केजरीवाल ने कहा था कि चिंता की कोई बात नहीं है, जरूरी कदम उठाए जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जीनोम सीक्वेंसिंग करवा रहे हैं। सरकार ने दिशानिर्देश जारी कर कहा था है

**एक ने तोड़ा दम**

**= 144 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई। 2895 लोगों की कोरोना की जांच हुई 14.37 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए**

कि जिन लोगों को भी इनफ्लुएंजा या फ्लू जैसे लक्षण हैं, वे लोग मास्क जरूर पहनें। अस्पताल के अंदर भी मास्क जरूर लगाएं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थिति पर रोजाना नजर रखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन को पूरी मुस्तैदी के साथ तैयारियों को बरकरार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में होगी फेफड़ों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मरीजों** की सुविधा के लिए पूर्वी दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में नव स्थापित श्वसन चिकित्सा विभाग में ब्रोंकोस्कोपी जांच की सुविधा शुरू कर दी गई है। ब्रोंकोस्कोपी फेफड़ों की बीमारी का निदान करने के लिए एक परीक्षण है।

**कई श्वसन स्थितियों के लिए उपयोगी है:** बयान में कहा गया कि गुरु तेग बहादुर अस्पताल और यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के नवनियुक्त चिकित्सा निदेशक डॉ. अस्मिता एम राठौर और प्रिंसिपल डॉ. पीयूष गुप्ता के नेतृत्व में यह नया मील का पत्थर हासिल किया गया है।

बता दें कि ब्रोंकोस्कोपी परीक्षण कई श्वसन स्थितियों जैसे कि कैंसर, तपेदिक, हेमोप्टाइसिस आदि के निदान के लिए बहुत उपयोगी है, इसके अलावा चिकित्सीय संकेत भी हैं। चिकित्सा निदेशक डॉ अस्मिता एम राठौर ने कहा, "अब तक रोगियों को उपरोक्त प्रक्रिया के लिए अन्य अस्पतालों में भेजा जा रहा था, लेकिन अब इसकी इन-हाउस उपलब्धता के साथ, रोगियों की सुविधा के अलावा रोगी देखभाल में सुधार होगा।"

**राहत**

**= ब्रोंकोस्कोपी जांच की सुविधा शुरू कर दी गई है। ब्रोंकोस्कोपी फेफड़ों की बीमारी का निदान करने के लिए एक परीक्षण है**

# वैक्सीन हुआ वीक: बदलते मौसम में फ्लू मजबूत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मौसम** में बदलाव के साथ फ्लू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इनमें से अधिकतर मरीजों की कोरोना जांच पॉजिटिव पाई जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण फ्लू का वायरस ताकतवर हुआ है। वहीं, कोरोना का बीबी 1.16 वेरिएंट तेजी से फैल रहा है। यह वैक्सीन लगा चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है। ऐसे में फ्लू के मरीज आसानी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इन दिनों मौसमी बीमारी तेजी से बढ़ती है। बारिश के कारण तापमान अचानक ऊपर-नीचे हुआ है जिससे वायरस को फैलने में मदद मिली है। डॉक्टरों का मानना है कि अभी कुछ दिनों और फ्लू और कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि



मौसम में आए बदलाव के कारण फ्लू का वायरस मजबूत हुआ है, जिससे मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही, कोरोना के बदले वेरिएंट से भी संक्रमण बढ़ रहा है। हालांकि, यह ज्यादा गंभीर नहीं है, लेकिन आसानी से लोगों को चपेट में ले रहा है। कोरोना की दोनों वैक्सीन लगा चुके लोग इससे संक्रमित हो रहे हैं। अस्पताल में कोरोना के आठ मरीज भर्ती हैं, इनमें से केवल एक मरीज ही वेंटिलेटर पर है, जबकि अन्य सामान्य या ऑक्सीजन स्पोर्ट पर हैं। फ्लू व कोरोना से बचाव के लिए सख्ती से कोरोना प्रोटोकॉल को अपनाना होगा। वहीं, जीटीबी अस्पताल के प्रवक्ता रजत जांबा ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण फ्लू के मामले बढ़े हैं। कोरोना के मामले भी सामने आ रहे हैं। अस्पताल में अभी छह मरीज भर्ती हैं। कोरोना के मामलों की जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल भेजे गए हैं। जांच की रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्पष्ट हो पाएगा। इंफ्लुएंजा जैसे लक्षण वाले पांच फीसदी मरीजों के रैंडम टेस्ट किए जा रहे हैं। इन मरीजों में कोरोना के लक्षण भी दिख रहे हैं।

**क्या करें**

**= मास्क पहने**
**= संक्रमित मरीज खुद को करें आइसोलेट**
**= लक्षण दिखने पर करवाएं जांच**
**= बचाव के लिए कोरोना की तीसरी डोज लगवाएं**

**वैक्सीनेशन की रफ्तार धीमी:** दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद भी वैक्सीनेशन की रफ्तार धीमी है। कोविन एप के अनुसार दिल्ली में 21 फीसदी लोगों ने ही वैक्सीन की तीसरी डोज लगवाई है। रविवार को वैक्सीनेशन के लिए शाम छह बजे तक 2200 लोगों ने पंजीकरण करवाया। इनमें से 1896 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसमें पहली डोज वाली 285, दूसरी वैक्सीन लेने वाले 487, 12 से 14 साल के 120, 15 से 17 साल के 26, 18 से 59 साल के 1064 और 60 से अधिक उम्र के 61 लोग शामिल हैं। दिल्ली में अभी तक 37405206 वैक्सीन लग चुकी हैं।

# ठगी का पैंतरा: ऑनलाइन शराब मंगाई तो खाली करा बैठेंगे बैंक खाता




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**साइबर ठग** लोगों की जेब से पैसा निकालने के लिए रोजाना नए-नए तरीके इजाद कर रहे हैं। हाल ही में साइबर थानों में लोगों ने ऐसी शिकायतें दी हैं, जिसमें आरोपी ऑनलाइन शराब की डिलिवरी करने के लिए लोगों से संपर्क करते हैं। इसके बाद एडवांस के नाम पर पैसे ऐंठ लेते हैं। लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के बाद भी लोग आरोपियों के झांसे में आ रहे हैं। पिछले तीन माह में तीनों साइबर थानों में इस तरह की शिकायतें आ रही हैं। कुछ पीड़ित आरोपियों के बारे में पुलिस को केवल जानकारी दे रहे हैं, शिकायत देने से कतरा रहे हैं। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है। तीनों थानों में ऐसी करीब 20 शिकायतें पिछले तीन माह में आई हैं। मामला शराब से जुड़ा होने के कारण कुछ लोग शिकायत करने के लिए आगे भी नहीं आ रहे।

**ऐसे देते हैं वारदात को अंजाम:** साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश यादव ने बताया कि आरोपी लोगों को ठगने के लिए नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। जैसे ही लोग आरोपियों की ठगी के तरीके के बारे में जागरूक होते हैं तो आरोपी नया तरीका निकाल लाते हैं। इन दिनों शराब की ऑनलाइन होम डिलीवरी के नाम पर आरोपी लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। आरोपी अपना मोबाइल नंबर गूगल पर डाल देते हैं। इसमें वह एक वेबसाइट का इस्तेमाल करते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति ऑनलाइन शराब डिलीवरी के बारे में सर्च करता है तो आरोपियों द्वारा बनाई गई वेबसाइट खुल जाती है। इसमें महंगी शराब की बोतल के फोटो और बाजार से कम दाम लिखे होते हैं। ऑर्डर करने के लिए लोग आरोपियों के नंबर पर संपर्क करते हैं। आरोपी ज्यादा से ज्यादा ऑर्डर करने पर डिस्काउंट की बात भी करते हैं।

**फर्जीवाड़ा**

**= मामला शराब से जुड़ा होने के कारण कुछ लोग शिकायत करने के लिए आगे भी नहीं आ रहे**

# पुलिस ने कुख्यात अपराधी को बंगाल से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे सजायाफ्ता जफर अली को क्राइम ब्रांच ने बंगाल जाकर गिरफ्तार कर लिया। उसे दिल्ली कोर्ट से 15 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। कारोना के दौरान पैरोल मिलने पर पैरोल जम्प कर वह दो सालों से फरार चल रहा था। पुलिस टीम जब उसे पकड़ने बंगाल गई तब पुलिसकर्मियों को देखकर वह बांग्लादेश भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे खदेड़ कर भारत-बांग्लादेश सीमा से गिरफ्तार कर लिया।



**अदालत सुना चुका है अपराधी को सजा:** विशेष आयुक्त, क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक जफर अली, चंदर कुट्टी दिनहाटा, कूचबिहार, बंगाल का रहने वाला है। फरार रहने के दौरान कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। अपराध शाखा की टीम ने 2010 में जफर अली और उसके साथियों को बुराड़ी से 142 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था।

इस संबंध में अपराध शाखा ने मामला दर्ज कर लिया था। जफर अली समेत तस्करी के मामले में गिरफ्तार किए गए अन्य सभी को अदालत ने 15 वर्ष कठोर कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई थी। 2020 में जफर अली को आपातकालीन पैरोल दी गई, जिसे वह समय-समय पर 27 फरवरी 2021 तक बढ़ाया गया। पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद भी उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और तब से फरार था।

**शिकंजा**

**= अपराध शाखा की टीम ने 2010 में जफर अली और उसके साथियों को बुराड़ी से 142 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था**

# नाबालिग हैं, पुलिस भी कुछ नहीं कर पाएगी...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मध्य** दिल्ली के पटेल नगर, आनंद पर्वत, राजेंद्र नगर और आसपास के एरिया में 78-गैंग का खूब आतंक हैं। करण और उसके परिवार पर हमला करने वाले लड़कों को भले ही 78-गैंग से कोई सीधा संबंध न हो, लेकिन यहां के लड़के गैंग से बहुत प्रभावित हैं। कम उम्र में ही यह लड़के मरने-मारने को उतारू रहते हैं। छोटी-छोटी बातों पर यह चाकू मारने से भी गुरेज नहीं करते हैं। इन लड़कों का कहना है कि वह तो नाबालिग हैं, पुलिस भी इनका कुछ नहीं बिगड़ पाएगी। ज्यादा से ज्यादा दो-चार महीने अंदर बंद रखेगी। उसके बाद तो इनको छोड़ना ही पड़ेगा। करण के परिवार से झगड़ा होने के बाद आरोपी खुलेआम जान से मारने की धमकी देकर गए थे।

करण के चाचा ने बताया कि शाम को जब उनकी भाभी मंजू ने एक लड़के को डंटा था तो वह और ज्यादा गाली-गलौज करने लगा और उसने अपने साथियों को बुला लिया। परिवार ने उसी समय पीसीआर कॉल की, लेकिन पीसीआर की गाड़ी वहां नहीं पहुंची। आरोपी लड़के तो चले गए, लेकिन देख लेने की धमकी देकर चले गए।

# दिल्ली की महिला ने राहुल गांधी के नाम किया अपना 4 मंजिला मकान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता जाने के बाद उन्हें सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। इसे लेकर दिल्ली कांग्रेस सेवा दल की नेत्री राजकुमारी गुप्ता ने राहुल गांधी को राष्ट्रीय राजधानी के मंगोलपुरी स्थित अपना चार मंजिला मकान देने की पेशकश की है। राजकुमारी गुप्ता दिल्ली कांग्रेस सेवादल की महिला विंग की प्रमुख हैं।

राजकुमारी गुप्ता ने बताया कि मेरे पास चार मंजिला मकान है, हमारी कॉलोनी राहुल की दादी इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित की गई थी, बीजेपी उन पर गलत आरोप लगाने की कोशिश



कर रही है और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है और बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। प्रॉपर्टी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "मैंने अपना 25 गज का घर राहुल गांधी के नाम कर दिया है और मैं उनसे मिलने उनके आवास पर जाऊंगी ताकि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लें।" इस दौरान उन्होंने गांधी परिवार पर हमला करने के लिए भाजपा पर निशाना भी साधा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को आगामी 2024 के आम चुनावों में देश से बेदखल कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को राहुल गांधी को एक आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता को अयोग्य ठहरा दिया गया। इसके बाद उन्हें 22 अप्रैल तक सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया था। इससे पहले कांग्रेस के तेलंगाना प्रमुख रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को अपने घर रहने का न्यौता दिया था।

# कोतवाली इलाके में बसों ने ली सबसे ज्यादा लोगों की जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** के कोतवाली इलाके में पिछले चार सालों में बसों ने सबसे ज्यादा 20 लोगों की जान ली। इस इलाके में सबसे ज्यादा बस दुर्घटनाएं हुईं। इसके बाद लाजपत नगर, पहाड़गंज व संसद मार्ग थाना इलाका आता है। वर्ष 2021 के मुकाबले वर्ष 2022 में बसों से हुई सड़क दुर्घटनाओं में 41 फीसदी की वृद्धि हुई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। अब ट्रैफिक पुलिस इस बात का अध्ययन करवा रही है कि कोतवाली इलाके में ही सबसे ज्यादा बस दुर्घटनाएं क्यों रही हैं। इसके पीछे क्या कारण हैं, ताकि इनसे निजात के उपाय किए जा सकें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के



वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2020 में बसों से हुई दुर्घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या में 37 फीसदी और घातक दुर्घटनाओं में 38.5 फीसदी की कमी आई थी। वर्ष 2019 में हुई सड़क दुर्घटनाओं में बसों ने 98 लोगों की जान ली थी और 347 लोग घायल हुए थे।

**2021 में बसों ने 71 लोगों की जान ली:** वर्ष 2020 में बसों ने 62 लोगों की जान ली थी और 231 लोग घायल हुए थे। वर्ष 2019 में 96 घातक बस दुर्घटनाएं हुई थीं। वहीं, वर्ष 2020 में 59 घातक दुर्घटनाएं हुई थीं। वर्ष 2021 में बसों ने 71 लोगों की जान ली थी और 223 लोगों को घायल किया था।

**2022 में बसों ने ली 38 फीसदी ज्यादा लोगों की जान:** वर्ष 2021 के मुकाबले 2022 में बसों ने 38 फीसदी ज्यादा लोगों की जान ली। वर्ष 2021 में 66 तो वर्ष 2022 में 93 घातक बस दुर्घटनाएं हुई हैं। घातक बस दुर्घटनाओं में 41 फीसदी की वृद्धि हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अगर बस से हुई सड़क दुर्घटनाओं को क्षेत्रवार के हिसाब से तुलना करते तो वर्ष 2019 में कोतवाली, जहांगीरपुरी और पहाड़गंज क्षेत्र में सबसे ज्यादा हुईं। वर्ष 2020 और 2021 में कोतवाली और लाजपत नगर इलाके में सबसे ज्यादा बस दुर्घटनाएं हुई। वर्ष 2022 में कोतवाली, लाजपत नगर और सिविल लाइंस क्षेत्र में सबसे ज्यादा बस हादसे हुए हैं। कोतवाली इलाके में ही सबसे ज्यादा बस दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसे लेकर अध्ययन करवाया जा रहा है। हालांकि, शुरूआती जांच में ये बात सामने आई है कि सलीमगढ़ बाइपास व अन्य सड़कों पर वाहन तेज गति से चलते हैं। यहां से दूसरे राज्यों से आने वाले वाहन भी गुजरते हैं।

**रिपोर्ट में खुलासा**

**= अब ट्रैफिक पुलिस इस बात का अध्ययन करवा रही है कि कोतवाली इलाके में ही सबसे ज्यादा बस दुर्घटनाएं क्यों रही हैं**

# 'हरियाणा को पहले कांग्रेस ने लूटा और अब बीजेपी-जेजेपी लूट रही'

## हरियाणा में आप की सरकार देगी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर फ्री बिजली, मेगा सदस्यता अभियान के तहत सैकड़ों समर्थकों को आम आदमी पार्टी में भी शामिल किया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा रविवार को घरौंडा हलके के गांव गगसीना में जन चौपाल में पहुंचे। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। इसके साथ मेगा सदस्यता अभियान के तहत सैकड़ों समर्थकों को आम आदमी पार्टी में भी शामिल किया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट जसमेर सिंह सिंधू ने किया। जन चौपाल में वरिष्ठ अनुराग ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी सरकार ने सभी वर्गों का अपमान करने का काम किया है। सैनिक हों, बुजुर्ग हों, महिलाएं हों या युवा। सभी को सडकों पर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा किआम आदमी पार्टी अपने काम के दम पर वोट मांगने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने हेलीकॉप्टर में बैठकर खराब फसल का जायजा लिया और कहा कि किसानों को मई तक मुआवजा राशि देंगे। उन्होंने कहा कि इस फसल की राशि से किसान परिवारों की कई खुशियां जुड़ी होती हैं, लेकिन किसानों के दुख किसको दिखते हैं। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान न सिर्फ किसानों के बीच पहुंचे, बल्कि सरकार ने मात्र 10 दिन में स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देकर राहत देने की घोषणा की है। ऐसा आजाद भारत में इससे पहले किसी सरकार ने नहीं किया। अनुराग ढांडा ने कहा कि प्रदेश की खट्टर सरकार रोजाना जनता को लूटने के नये नये तरीके ढूँढती है। उन्होंने कहा कि पहली अप्रैल से टोल टैक्स में 5 से 12 प्रतिशत तक वृद्धि करने का काम किया। प्रदेश में खुली लूट चल रही है। वहीं पंजाब में भगवंत मान सरकार ने एक साल के कार्यकाल




में 8 टोल टैक्स प्लाजा बंद करने का काम किया। उन्होंने कहा हरियाणा को बने 56 वर्ष हो गए हैं। किसी भी सरकार ने स्कूलों, बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया। देश को आजाद हुए भी 75 साल हो गए हैं। देश में कहीं अच्छे स्कूलों और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की बात नहीं हुई। आम आदमी पार्टी ने बच्चों की शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बात की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी एक इंकलाब है। दिल्ली सरकार के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में इस बार 4400 सीटों के लिए 92 हजार आवेदन आए हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आम आदमी पार्टी का इंकलाब दिल्ली, पंजाब के बाद हरियाणा में भी आएगा। हरियाणा की जनता आम आदमी पार्टी की 2024 में सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि केवल 10 साल के अंदर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय फलक पर उभरकर आ गई है। देश के हर राज्य में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। अच्छी शिक्षा, फ्री बिजली, पानी, पक्के घर और मूलभूत सुविधाओं की बात करने वाली पार्टी का नाम आज देश के हर व्यक्ति की जुबान पर है। उन्होंने कहा कि देश के आम आदमी अरविंद केजरीवाल ने एक सपना देखा है कि देश का हर बच्चा अच्छी शिक्षा ले और देश के हर नागरिक को बेहतर इलाज मिले। उनकी नीतियों पर चलकर हमारा देश विकसित देश बनेगा। आप नेता ने कहा कि मोदी जी को लगता है कि आम आदमी पार्टी के नेता इनके जेल में डालने से डर जायेंगे। हम शहीद भगत सिंह के विचारों को मानने वाले हैं। न इनकी लाठी डंडों से डरतेए न जेलों से डरते और न गोलियों से डरते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक देश के एक एक बच्चे को अच्छी शिक्षा और अच्छे स्कूल नहीं मिल जाते आम आदमी पार्टी पीछे नहीं हटेगी।

वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को जनता को फ्री इलाज और स्वास्थ्य सुविधा देने की सजा मिली। वहीं मनीष सिसोदिया को 20 लाख बच्चों का भविष्य बनाने की सजा मिली। उन्होंने दिल्ली में ऐसे स्कूलों बना दिए कि अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्नी दिल्ली के शानदार स्कूल देखने आती है। उन्होंने कहा कि पहले हमने गोरों से आजादी ली है, अब काले अंग्रेजों से आजादी लेने का समय आ गया है।

महिलाओं को सम्मान, बच्चों का बेहतर भविष्य और बुजुर्गों की सेवा सिर्फ आम आदमी पार्टी ही कर सकती है। इसलिए 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएं।

# 'आप नेताओं पर पोस्टर लगाने पर केस दर्ज करना है भाजपा की तानाशाही'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** **आम** आदमी पार्टी द्वारा दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगाए गए पोस्टर विवाद में पुलिस द्वारा केस दर्ज होने के बाद आप की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं पानीपत के पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक ने रविवार को कड़ा विरोध जताया है। वहीं सनौली रोड स्थित आप कार्यालय में सुखबीर मलिक ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार अंग्रेजी हुकूमत की तरह आम आदमी की आवाज दबाने का काम कर रही है, लेकिन जब 200 वर्ष का शासन करने के बाद अंग्रेजों को भी देश की जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया तो एक दिन यह सरकार भी नहीं रहेगी। मलिक ने कहा कि प्रदेश में आप नेताओं व कार्यकताओं द्वारा मोदी हटाओ देश बचाओ के पोस्टर लगाये जा रहे है और सरकार के ईशारे पर आप नेताओं के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर केस दर्ज किये जा रहे है जोकि लोकतांत्रिक परंपराओं का हनन है। उन्होंने कहा कि सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है, जिसका आप कार्यकर्ता पूरी तरह से विरोध करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आरटीएच के विरोध में चिकित्सकों ने 24 घंटे चिकित्सा सेवा बंद करने का लिया निर्णय



**गन्नौरः राजस्थान** में गत 15 दिनों से संघर्षरत डाक्टरों द्वारा आरटीएच के विरोध में किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में आईएमए सोनीपत के अध्यक्ष डा. सी पी शर्मा के नेतृत्व में बैठक में निर्णय लिया कि 4 अप्रैल से सुबह 6 बजे से 5 अप्रैल को सुबह 6 बजे तक 24 घंटे तक चिकित्सा व आपत सेवाएं बंद का निर्णय लिया गया है। डा. शर्मा ने कहा कि कानून जनता को भ्रमित करने वाला कानून है। जिसमे डाक्टर और आम जनता दोनो को नुकसान होने वाला है। यह कानून सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं को लेकर है, जिसके अंतर्गत कोई भी छोटा से छोटा अस्पताल, कोई भी डाक्टर इमरजेंसी का इलाज करने को बाध्य होगा चाहे वो चाहे अस्पताल में उक्त बीमारी का विशेषज्ञों हो या न हो और इसका पूरा खर्च भी उसी अस्पताल या डाक्टर को ही वहन करना होगा। जैसे कि किसी आंखों के अस्पताल में दिल के दौरे का मरीज आ जाता है तो वहां कार्यरत डाक्टर उसे प्राथमिक चिकित्सा देकर किसी दूसरे अस्पताल में खुद ले जाना होगा और इसका पूरा खर्च भी डाक्टर को ही देना होगा, एम्बुलेंस का भी। डा. ने कहा कि अगर रास्ते में मरीज को कुछ हो जाता है तो मरीज के रिश्तेदार मौजूद डाक्टर के साथ गलत बर्ताव कर सकते है क्योंकि डाक्टर के बचाव के लिए कोई कानून नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति प्रदेश या राष्ट्रीय आईएम की टीम निर्धारित करेगी और सभी चिकित्सक उसका पालन करेंगे।

### अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी कैटल थेफ्ट टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी अवतार सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह वासी अंडेसरा जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब को पृथ्वी विहार कॉलोनी के सामने से काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पहनी हुई जींस की जेब से 315 बोर का एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी हथियार रखने का शौकीन है। आरोपी उपरोक्त हथियार को उत्तराखंड के हरिद्वार से एक व्यक्ति से छः हजार रुपए में खरीद कर लाया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी के खिलाफ पहले एक मामला चोरी करने का पंजाब में दर्ज है। उस मामले में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### ज्वेलर्स की दुकान से जेवरात चोरी करने वाला एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने ज्वेलर्स की दुकान पर काम करते हुए उसी दुकान से डेढ़ सौ ग्राम सोना चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी जहारेश्वर माईती पुत्र सुधीर चंद्रा माईती वासी अरांदा सहारदा इरेंदा पूर्वी मेदनीपुर पश्चिम बंगाल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी दिल्ली में एक जगह पर किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। आरोपी को 26 मार्च को अदालत में पेश करके 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से पश्चिम बंगाल में स्थित उसके घर से 35 ग्राम सोना, सोना गलाने में प्रयोग होने वाली गैस व गन पाउडर बरामद किया गया। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता आसित मन्ना पुत्र सतीश मन्ना वासी मोकारामपर पश्चिम बंगाल हाल दुकान नंबर सी 306 घोसिया मोहल्ला करनाल ने 26 जुलाई 2022 को थाना शहर में एक शिकायत देते हुए बताया कि वह ज्वेलरी का कारीगर है और पिछले 20 साल से सोने व चांदी के आभूषण बनाने का काम करता है। वह स्वर्णकारों से सोना लेकर आभूषण बनाकर उन्हें वापस कर देता है। उसने अपने पास काम करने के लिए पश्चिम बंगाल के एक युवक को लगाया था। उस समय उसकी दुकान पर आभूषण तैयार करने के लिए डेढ़ सौ ग्राम सोना रखा था। काम पर लगाया गया युवक 2 दिन बाद ही मौका पाकर वह डेढ़ सौ ग्राम सोना लेकर फरार हो गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता के बयान पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज किया गया।

रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी भी शिकायतकर्ता की दुकान पर काम करता था, जिसने बाद में अपने दूसरे साथी हीरालाल वासी पश्चिम बंगाल को भी उसी दुकान पर काम पर बुला लिया था और मौका पाकर हीरालाल को डेढ़ सौ ग्राम सोने के सहित दुकान से भगा दिया था व खुद के पकड़े जाने के डर से आरोपी जहारेश्वर भी उसी दिन दुकान से फरार हो गया था।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अपना नाम बदलकर काम की तलाश में अलग-अलग शहरों में घूमते रहते हैं। जब आरोपियों में से किसी एक व्यक्ति को कोई सुनार काम पर रख लेता है या उन्हें कोई ज्वेलरी से संबंधित काम मिल जाता है तो वह आरोपी कुछ दिन बाद पूर्व नियोजित तरीके से अपने दूसरे साथी को भी उसी दुकान पर काम पर बुला लेता है। इसके बाद कुछ ही दिनों बाद आरोपी मौका पाकर उस दुकान से जेवरात लेकर फरार हो जाते हैं। आरोपी ने बताया कि उन्होंने इस तरह की वारदात मुंबई में भी एक जगह पर की हुई है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

# मिठाई की दुकान से गैस सिलेंडर व नकदी चोरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के गांव जाम्बा में अज्ञात चोर ने रात के अंधेरे में दुकान का ताला तोडकर गैस सिलेंडर व गल्ले से कैश पर हाथ साफ कर दिया। वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

गांव जाम्बा निवासी रमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी बस अड्डा पर हलवाई की दुकान है। शनिवार की रात 9 बजे वह अपनी दुकान ठीक-ठाक बंद करके गया था, लेकिन जब वह आज सुबह दुकान पर आया तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। जब उसने पास की दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में देखा तो एक चोर दिखा। चोर दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडरों में से एक गैस सिलेंडर व गोशाला के गल्ले से करीब 2 हजार रुपए लेकर चला गया। सीसी टीवी कैमरों में एक चोर दुकान के बाहर दिख रहा है, जबकि उसके अन्य साथी कैमरे में नहीं दिखाई दे रहे है। एक आरोपी लोहे की रॉड से दुकान का शटर तोड़ता है। इस दौरान आरोपी का चेहरा भी कैमरे में दिख रहा है।

# कप्तान व शशि की एंटी करप्शन फाउंडेशन में हुई नियुक्ति

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने टीम का विस्तार करते हुए कप्तान सिंह को जिला निदेशक करनाल एवं शशि भास्कर को जिला चेयरपर्सन करनाल नियुक्त किया। राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने नव नियुक्त पदाधिकारी कप्तान सिंह एंव शशि भास्कर को नियुक्ति पत्र सौंपकर सत्यनिष्ठा एंव पद की गरिमा में रहते हुए भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर कप्तान सिंह एवं शशि भास्कर ने कहा कि



वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि है।

# ग्रामीण अंचल के लोग भी योग और स्वास्थ्य के महत्व को समझ रहे हैं: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत गांव कलवेहडी के लोग योग योग के रंग में रंगे नजर आए। गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में लगाए गए योग शिविर में गांव के लोगों ने अलग-अलग प्रकार के योग का अभ्यास किया। सुबह पांच बजे से ही बहुत से ग्रामीण शिविर में शामिल हुए और उत्साहपूर्वक योगिक क्रियाएं की। हर वर्ग के लोगों में जोश और जुनून देखने को मिला। दिनेश गुलाटी ने कहा कि ग्रामीण अंचल के लोग भी योग और स्वास्थ्य के महत्व को समझ रहे हैं। यदि इसे



अपने जीवन शैली में शामिल करेंगे तो बीमारियों का असर भी कम होगा। उन्होंने योग साधकों को योग व प्राणायाम से होने वाले लाभ के बारे में भी समझाया। सूर्य नमस्कार का विशेष अभ्यास करवाते हुए उन्होंने साधकों को बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है यह अकेला अभ्यास हमारे संपूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है।

# जिले में रविवार को मिला कोरोना से संक्रमित 01 पोजिटिव केसः उपायुक्त

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 01 नया पोजिटिव केस मिला हैं। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59927 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 639 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 11 कोरोना एक्टिव केस है।

# 'पन्ना प्रमुख भाजपा की चुनावी राजनीति का मजबूत हिस्सा'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने इन्द्री विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा पन्ना प्रमुखों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा पन्ना प्रमुख भाजपा की चुनाव रणनीति का एक मजबूत हिस्सा होता है, पन्ना प्रमुख भाजपा का महत्वपूर्ण कार्यकर्ता होता है। उन्होंने तीनों मंडलों के भाजपा मंडलाध्यक्षों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने दिन-रात कड़ी मेहनत करके यह पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। वह आज इंद्री की नई अनाज मंडी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के इन्द्री विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन की शुरूआत से पूर्व भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय क व डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके व पुष्पांजलि अर्पित की गई। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं को कहा कि आप अपना श्रेष्ठ दीजिए और दूसरे कार्यकर्ताओं से भी उनका श्रेष्ठ लीजिए। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के कितने नेताओं को फांसी हुई थी। कांग्रेस ने देश के समक्ष हमेशा झूठा इतिहास प्रस्तुत किया है। लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान को कांग्रेस ने भूला दिया है। पन्ना प्रमुख सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के भाजपा प्रभारी बिप्लव कुमार देव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाली पार्टी है और कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज भाजपा मजबूत स्थिति में खडी है। उन्होंने कहा कि जैसे हमें अपने रहन-सहन, व्यवहार, खान-पान इत्यादि में बदलाव की जरूरत होती है। हमें पार्टी के साथ-साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पन्ना प्रमुख बनाए हैं।

# विजय जैन ने कॉलोनियों में निकाली पदयात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** **पानीपत** ग्रामीण हलके के वार्ड नंबर 13 की एकता विहार कॉलोनी, संत नगर, लक्ष्मी नगर व शक्ति विहार आदि कॉलोनियों में हलके के लोकप्रिय नेता भाई विजय जैन के नेतृत्व में रविवार को जनसंपर्क पदयात्रा निकाली गई और पार्षद विजय जैन ने घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। जनसंपर्क पदयात्रा की अगुवाई डॉक्टर सिताब सैनी और आशु सैनी ने की। भाई विजय जैन का अनेकों स्थानों पर फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं विजय जैन ने कहा है कि जो मान सम्मान इन



कालोनियों के लोगों ने उनको दिया है, उसे वे जीवन भर कभी नहीं भूलेंगे और पानीपत ग्रामीण हलके की जनता का आशीर्वाद मिलने पर ब्याज सहित अदा करेंगे। डॉ सिताब सैनी ने कहा है कि भाई विजय जैन जैसा नेता ही ग्रामीण हलके की कालोनियों के लोगों की दुख दर्द को समझता है और ऐसे व्यक्ति ही विधायक बनकर हर वक्त लोगों के बीच रहकर सेवा करने का काम करेंगा। इस अवसर पर कंवरपाल खोखर, जयपाल सैनी, प्रीतम राणा, दर्शन लाल राजपूत, अमित बवेजा, धर्मवीर, संजय सैनी, रणधीर सैनी, कुलदीप राणा, अमित बंसल, रोशन गुर्जर, बलदेव बरोड़ा हनुमान, जसवीर राणा, राजेश ठेकेदार, रमेश डांगी व तरसेम बंसल आदि मौजूद रहे।

# 'अंत्योदय परिवारों व व्यापारियों के लिए सरकार ने उठाया ऐतिहासिक कदम'

**टीम एक्शन इंडिया/राई** **राई** से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने अंत्योदय परिवारों व व्यापारी समुदाय के कल्याणार्थ एक और



ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति तथा दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा पोर्टल शुरू किया है। विधायक बड़ौली ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश में ह्यदयालुह्न योजना की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु, दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

# पुलिस ने सुलझाया बच्चे का किडनैप कर फिरौती मांगने का मामला

## एक अपहरणकर्ता गिरफ्तार, बच्चे को सकुशल परिजनों के किया हवाले

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **सीआईए** टू की टीम द्वारा एक अप्रैल की सुबह के समय गांव जुंडला क्षेत्र से हुई एक बच्चे की किडनैपिंग व किडनैप करके 50 लाख रुपए फिरौती मांगने के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझाकर एक अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। टीम ने अपहरणकर्ता के चंगुल से बच्चे को सकुशल छुड़ाकर उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता रमनदीप पुत्र रामचंद्र वासी जुंडला ने पुलिस चौकी जुंड़ला में शिकायत देते हुए बताया कि आज दोपहर के समय करीब 12 बजे उसके पास एक अनजान नंबर से



फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने उसके 9 वर्षीय लडके प्रीत का अपहरण करने की बात कही और उसके लडके को सकुशल लौटाने की एवज में 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। इस संबंध में शिकायतकर्ता के बयान पर थाना सदर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-364ए, 389, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की सूचना मिलते ही जिला पुलिस की टीमें आरोपियों की धरपकड़ व बच्चे को सकुशल आरोपियों के चंगुल से छुड़ाने के लिए तत्परता से जुट गईं। इस मामले को सुलझाते हुए सीआईए टू की टीम द्वारा एक अपहरणकर्ता नवीन पुत्र परमानंद वासी विकास नगर करनाल को सेक्टर 4 करनाल के एरिया से गिरफ्तार किया गया है और उसके कब्जे से 9 वर्षीय बच्चे प्रीत को सकुशल छुड़ाया गया। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी नवीन व उसके चचेरे भाई अनिल वासी करनाल ने साथ मिलकर बच्चे को किडनैप करने का प्लान तैयार किया था। आरोपी अनिल रिश्ते में बच्चे का फूफा लगता है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आरोपी अनिल फाइनेंस का काम करता है और वह काफी कर्जे में डूबा हुआ है। बच्चे के पिता के पास जुंड़ला में काफी जमीन है, जिसने अपनी जमीन पर कॉलोनी काटी हुई है। इसलिए दोनों आरोपियों ने मिलकर बच्चे के पिता से 50 लाख रुपए की फिरौती लेने के लिए बच्चे को किडनैप किया था।

# सम्राट एन्कलेव: भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक

## 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' इसलिए सभी कार्यकर्त्ता संगठित होकर करें कार्य: महेन्द्र नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के सम्राट इन्कलेव स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा की बैठक हुई। जिसमें केशवपुरम, त्रिनगर और शकूरपुर क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, निगम पार्षद किशन बेमाड़, संतोष भारती सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है और बूथ को मजबूत करने का कार्य करना है और सभी बूथों को जीतना है। महेन्द्र नागपाल ने बताया कि यह बैठक लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि सभी कार्यकर्ता एक्टिव होकर कार्य करें और भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं से लोगों को अवगत कराये और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो देश में नई-नई योजनाएं लागू की है उससे भी अवगत कराये। जिससे की लोग भाजपा के कार्यो को बेहतर तरीके से जान सके। साथ ही पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि आपके यहां पर क्षेत्र के लोगों की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान संबंधित विभाग से करवाये, जिससे की लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले और लोग आपसे अधिक से अधिक जुड़े। इस मौके पर कई वक्ताओं से भी विचार रखे।









केशवपुरम मंडल में बूथ सशक्तिकरण पर संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रोशन कंसल साथ में निगम पार्षद योगेश वर्मा और रचना वशिष्ठ व अन्य।

# श्रद्धानंद कॉलोनी: नवज्योति पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव

## शिक्षा का हमारे जीवन में है विशेष महत्व: सुरेश शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के श्रद्धानंद कॉलोनी स्थित नवज्योति पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व रमेश शर्मा ने शिरकत की और छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

इस मौके पर विद्यालय में प्रथम आने वालो छात्रों को सम्मानित किया गया एवं छात्र व छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनायें दी।

सुरेश शर्मा ने आगे बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे उच्च शिक्षा हासिल कर भविष्य में माता-पिता व गुरूजनों और देश का नाम रोशन करें। इस मौके पर आये हुए गणमान्य लोगों का नवज्योति पब्लिक स्कूल के स्टाफ ने बुके भेंट कर स्वागत किया।

# करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई विशेष बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल** नगर जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण मीटिंग जिला कार्यालय बुराड़ी पर हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर नरेंद्र नाथ पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाली 5 अप्रैल 2023 को जय भारत संकल्प सभा सीलमपुर में होने जा रही है। जिसको प्रियंका गांधी महासचिव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

अनुरोध है कि आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में वहां पर पहुंचे।

इस मौके पर अली मेहंदी उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार जिस तरह से राहुल गांधी के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। हम इसका विरोध करते हैं। इसी कड़ी में आदेश भारद्वाज अध्यक्ष करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार महिलाओं के साथ अत्याचार और नौजवान किसान पूरी तरह से परेशान है, इसके विरोध में जय भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और इस गूंगी और बहरी सरकार को जगाने का काम करें। इस अवसर पर सैकड़ों साथी उपस्थित रहें। इस मौके पर अली मेहंदी, डॉ एस पी सिंह, रविंद्र त्यागी, खेमचंद सैनी, उमा शर्मा, चंदन चौबे, सुजीत कुमार, बिना भाट, नीतू तोमर, जोगिन्दर राणा, देवेंद्र काकू, हिमांशु, ननवा प्रधान, अनुराग, योगेश शर्मा, संजय भारद्वाज, डॉक्टर बीआर चौधरी, नेत्रपाल, अशोक भसीन, विनोद कुमार, मुकेश पाल, कलीम अहमद, शैलेंद्र चौधरी, प्रवीण चौधरी, सतीश दीक्षित, एडवोकेट संजीत ए पी जोशी, मोहम्मद जावेद खुशनूर, अशोक बघेल, रामविलास शर्मा, राजीव कुमार कौशिक, सुमंत मालिक, ऋषभ कुमार, डॉ आबिद पीएस रावत, देवेंद्र शर्मा, राम प्रकाश जी झा, विजय नारायण तिवारी, सुखबीर जगदीश सौद, विनोद कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# जहांगीरपुरी में जयप्रकाश एमसीडी से हुए सेवानिवृत







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जयप्रकाश** के एमसीडी से सेवानिवृत होने पर सेवानिवृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जय प्रकाश जो कि अखिल भारतीय युवा मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष भी है, उनको लोगों ने फूल माला पहनाई। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय युवा मजदूर मोर्चा के संस्थापक ननवा राम प्रधान ने किया।

इस मौके पर अखिल भारतीय युवा मजदूर मोर्चा के संस्थापक ननवा राम प्रधान के अलावा निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर, पूर्व पार्षद रामकिशन बंसीवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान पंवार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन प्रधान, राजा टॉक राष्ट्रीय सचिव, एसएस कंवरपाल, एसआई सेवाराम, एएसआई संदीप, विनोद, सतीश, दीपक, महेश, देवेन्द्र और अशोक कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर अखिल भारतीय युवा मजदूर मोर्चा के संस्थापक ननवा राम प्रधान ने कहा कि जयप्रकाश बड़े ही अच्छे व्यक्ति है। इन्होंने अपनी सेवा के दौरान बड़ा ही अच्छा कार्य किया है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मुस्तफाबाद: युवक के साथ 14.29 लाख की साइबर ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साइबर** ठग हर रोज ही एक नए तरीके के साथ मैदान में उतर जाते हैं, इनसे आपको बहुत सावधान रहने की जरूरत है। मुस्तफराबाद का रहने वाला मनोज (37) ठगों के जाल में फंस गया। उससे इन लोगों ने 14.29 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित की शिकायत पर उत्तर-पूर्वी जिला के साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल मनोज के व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था। उसमें इंस्टाग्राम पर कुछ पेज को लाइक और फॉलो करने के बदले पैसे देने की बात की गई थी। शुरूआत में पीड़ित के खाते में कुछ रुपये भेजे भी गए। बाद में युवक को क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर फंसाया गया। इसके बाद उससे सवा 14 लाख की ठगी की गई। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मनोज राजीव गांधी नगर, न्यू मुस्तफाबाद में रहता है। इसका अपना कारोबार है। मनोज ने बताया कि 12 मार्च को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था। आरोपित ने जॉब की बात कर पीड़ित को इंस्टाग्राम पेज को लाइक और फॉलो करने पर एक पोस्ट के 70 रुपये देने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपितों ने एक लिंक के जरिये इंस्टाग्राम के पेज लाइक और फॉलो करने के लिए कहा।

# शालीमार बाग में धूमधाम से मनाया गया सत्यपाल शर्मा का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग में जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको बधाई देने वालों को तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रविन्द्र बंसल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, समाजसेविका रचना यादव, चन्दर सचदेवा, सुरेन्द्र मुद्गल, ऋषि शर्मा, पूजा साहू, उषा शर्मा, सीबी शर्मा, वीडी गौर, प्रवीन यादव, सुरेखा शर्मा, शालू शर्मा, सहयोग मिश्रा, लक्ष्मी नारायण राठौर, सत्य नारायण शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर चन्दर सचदेवा ने कहा कि सत्यपाल शर्मा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और हमेशा ही सेवा के क्षेत्र में आगे रहते है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग सत्यपाल शर्मा को बधाई दे रहे है। तो वहीं प्रवीन यादव ने कहा कि मैं सत्यपाल शर्मा को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने सत्यपाल शर्मा को बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी को दिल की गहराईयों से बधाई देता हूं।





**जन्मदिन की बधाई...**

= सत्यपाल शर्मा बड़े ही अच्छे व्यक्ति और हमेशा ही सेवा के क्षेत्र में आगे रहते है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग सत्यपाल शर्मा को बधाई दे रहे है: सचदेवा

= सत्यपाल शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है। मैं उन सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं।

# ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य चेकअप कैंप का लाभ

## खुरचनपुर के गुरुद्वारा साहिब में लगाया गया था कैंप, पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा भी पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के गांवों व शहर के वार्डों में पिछले लगभग 3 सालों के पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट द्वारा लगातार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस रविवार को गांव खुरचनपुर के गुरुद्वारा साहिब में निशुल्क मैडीकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा ने विशेष तौर पर पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। गुरुद्वारा कमेटी व ग्रामीणों द्वारा पं. विनोद शर्मा को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पं. विनोद शर्मा ने कैंप में



आए डाक्टरों व उनकी टीम से मुलाकात की व उनका कैंप में सेवाएं देने के लिए धन्यवाद किया। इस कैंप का 555 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए जाएंगे।
कैंप में विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम अपनी सेवाएं देगीं, जिनमें संजीवनी आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ओ.पी आर्या ने 142 लोगों की आंखें जांचीं व उन्हें परामर्श दिया इनमें से 32 लोगों की आंखों में मोतिया पाया गया जिनके लैंस संजीवनी आईज मैडीकेयर सैंटर, अम्बाला शहर से बिल्कुल मुफ्त डलवा दिए जाएंगे। वहीं, मिशन(फिलाल्फिया) अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल ने 110 ग्रामीणों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा। इस्माइलाबाद से (सामान्य रोग विशेषज्ञ)डा. मंगत राम ने 155 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच करवाने के बाद दवाइयां भी निःशुल्क दी गईं।
कैंप में 42 ग्रामीणों ने अपने आयुष्मान कार्ड पत्र व 4 ग्रामीणों ने अपने परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनवाए। ग्रामीणों ने पं.केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट, पं. विनोद शर्मा व अम्बाला शहर की मेयर शक्तिदरानी शर्मा का तहेदिल से धन्यवाद किया। गौरतलब है कि पं. केदारनाथ शर्मा चैरीटेबल

# डॉ गौरव शर्मा ने बढ़ाया मलेशिया में भारत का गौरव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**फ्रांस** मिनिस्ट्री द्वारा पंजीकृत थेम्स विश्वविद्यालय द्वारा मलेशिया मे इंडो ग्लोबल सम्मिट अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें पूरी दुनिया से लगभग 50 लोगों को चिन्हित कर उन्हें अपने अपने क्षेत्र में काम करने के लिए सम्मानित किया गया। जिसमे डॉ गौरव शर्मा को इंडो ग्लोबल अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर मलेशिया के शिक्षा मंत्री डॉ माजेली एवं विश्वविद्यालय निर्देशक डॉ एसिन युदार्गूल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एशिया अफ्रीका डेवलपमेंट कौन्सिल के अध्यक्ष डॉ रिपू



रन्जन मौजुद रहे। शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए भारत से सोनीपत निवासी डॉ गौरव शर्मा को यह सम्मान दिया गया।
डॉ गौरव शर्मा सोनीपत स्थित ब्राइट स्कॉलर स्कूल में डायरेक्टर ओपरेशन एवं स्कूल एंबेस्डर हैं और शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 7 वर्षों से "नेकी की राह" संस्था के द्वारा जरुरतमंद बच्चों को म्२शुफ्त शिक्षा एवं अन्य सहयोग दे रहे हैं। डॉ गौरव शर्मा फ्रेंच भाषा के विशेषज्ञ हैं और उन्हे अभी तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 350 से अधिक अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

# जनता भाजपा के शासन से परेशान हो चुकी है: जसबीर मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पूर्व विधायक जसबीर अपने आवास से सैकड़ों वाहनों के साथ यमुनानगर के लिये रवाना हुए।बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी , विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ,कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ,दीपेंद्र हुड्डा व जसबीर मलौर के पक्ष में नारे लगाते हुए रवाना हुए। मलौर ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हरियाणा सहित पूरे देश मे कांग्रेस पार्टी के पक्ष में एक तरफा माहौल है । जनता भाजपा के शासन से परेशान हो चुकी है और इस पार्टी से देश को छुटकारा दिलवाने के लिये चुनावों की घोषणा का इंतजार कर रही है ।सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और विपक्ष का जो



भी नेता सरकार की लूट और झूठ का पदार्फाश करता है उसपर झुठे मुकद्दमे दर्ज करके उनकी आवाज को दबाने का कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यमुनानगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा के घोटालों और जनविरोधी फैसलों को जनता तक पहुचाने के लिये विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक जसबीर मलौर के नेतृत्व में सैंकड़ो वाहनों के साथ हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 'किसान सावधानी से करें कृषि यंत्रों का प्रयोग'

**पानीपतः** उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि खेत और कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना होने पर सरकार द्वारा किसानों और मजदूरों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना लागू की गई है। इसके तहत कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना में किसानोंए व्यक्तियों तथा श्रमिकों की मृत्यु होने या शारीरिक अंग कट जाने पर मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ केवल उन लोगों को मिलता है जो कृषि मशीनरी औजार, टूल्स, उपकरणए यंत्र तथा कुआं खोदने, ट्यूबवेल लगाने जैसे काम करते समय जहरीली गैस, क्रेन, क्रैशर, कोल्हू, चारा काटने की मशीन, थ्रेसर का प्रयोग करते हुए दुर्घटना में मर जाते हैं या अंग भंग हो जाता है।

# जय कुमार बने शक्ति फाउंडेशन, अंबाला छावनी के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला छावनी की प्रथम आम बैठक राकेश छुरा जी की अध्यक्षता में उनके निवास पर आयोजित की गई जिसमे 25 समाज सेवक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। व्यक्तिगत परिचय के पश्चात शक्ति फाउंडेशन के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमे अध्यक्ष जय कुमार,सचिव हरीश दत्ता एवम कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता को सर्वसम्मति से वर्ष 2023 एवम 2024 दो वर्ष के लिए निर्वाचित किया गया।सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया एवम हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभा में कुछ सदस्यों ने भविष्य में होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक एवम स्वास्थ्य आदि सेवा कार्यों के




बारे में विस्तार से अपने विचार प्रकट किए। बैठक में राकेश छुरा, युद्धिष्टर विज,सुधीर जेटली एवम दरबार सिंह के द्वारा सभी सदस्यों को संगठन के महत्व एवम उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी तथा सभी को एक जुट होकर इस संगठन को मजबूत करने और एवम इसके विस्तार करने बारे अपील की। सभा का संचालन हरीश दत्ता द्वारा बड़े उत्तम ढंग से किया गया। अंत में संगठन के अध्यक्ष जय कुमार ने बैठक में शामिल होने वाले सभी सदस्यों एवम विशेष सहयोग देने के लिए राकेश छुरा जी का हार्दिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर विनोद कुमार सोनी,बजरंग लाल,कुलदीप प्रकाश,,रिपीन शर्मा,अतुल काला,रजनी दत्ता,राज रानी,सुखदेव सिंह,सरवन कुमार,अंकित कुमार,जगदीश कुमार,सुशील मेहता,संदीप कश्यप,अशोक कश्यप,अरविंदर कलसी,आदि उपस्थित थे।

# पुलिस डीएवी स्कूल में पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर के ऑडिटोरियम में नर्सरी क्लास के पेरेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें नए साल पर नए एकेडमिक ईयर की विशेष जानकारी देने के लिए नए अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को स्कूल के पूरे वर्ष में करवाए जाने वाले पाठ्यक्रम और एक्टिविटीज के विषय में बताया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को फोनिक साउंड के विषय में बताया गया। नर्सरी , एल के जी व यू के जी कक्षाओं में प्रयोग की जाने वाली किताबों की



जानकारी दी तथा बच्चों को कैसे स्टेप बाय स्टेप किताबों का प्रयोग करना है, इसके विषय में बताया गया। बच्चों को हर करवाई जाने वाली एक्टिविटीज के विषय में अभिभावकों को बताया गया। ऑनलाइन फीस के विषय में बताया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी नए अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए डीएवी परिवार से जुड़ने पर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे के माता-पिता अपने बच्चे की मदर टीचर से मिलकर पुरे वर्ष होने वाले एक्टिविटीज के बारे में जान सके और बच्चों का किस प्रकार कक्षा में ध्यान रखा जाता है व उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया जाता है कि उनका बच्चे का विकास यंहा पूर्ण रूप से सही प्रकार से किया जायेगा। बच्चे पूरे वर्ष अच्छे से प्रदर्शन करें तथा हर प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले इस आशा के साथ उन्होंने अभिभावकों को अपना पूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। स्कूल काउंसलर मोनिका परिहार ने अभिभावकों को बच्चों से संबंधित कुछ टिप्स बताएं, जिससे वह अपने बच्चों की पढ़ाई के बारे में उनका मार्गदर्शन कर सकें तथा उनको शिक्षित करें।

# पानीपत अनाज मंडी के दिनेश भौक्कर सर्वसम्मति से चुने गये प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के मौजूदा प्रधान धर्मबीर मलिक ने मंडी में आयोजित आढ़तियों की बैठक में रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अनाज मंडी के नये प्रधान के चुनाव को लेकर धर्मबीर मलिक ने स्वयं ही आढ़ती दिनेश भौक्कर के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका बैठक में मौजूद आढ़तियों ने हाथ उठाकर समर्थन किया और दिनेश भौक्कर को सर्वसम्मति से अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन



का प्रधान चुन लिया गया। वहीं नवनियुक्त प्रधान दिनेश भौक्कर ने सभी आढ़तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निवर्तमान प्रधान धर्मबीर मलिक ने मंडी का प्रधान रहते हुए सेवा करने का काम किया है और आढ़ितयों की समस्याओं को हर मंच पर उठाकर समाधान करवाने का प्रयास किया।

# सरकार 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवा रही ढैचा बीज: उपायुक्त

**पानीपतः** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं फसल विविधीकरण योजना के तहत प्रदेश में हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए ढैचा बीज पर 80 प्रतिशत अनुदान पर देने का प्रावधान किया गया है। इस स्कीम का लाभ उठाने के लिए किसान को कृषि विभाग की वैबसाइट एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडाटइनलिंकडविदएम्एफएमबी पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। उपायुक्त ने बताया कि हरी खाद सबसे अच्छा, सरल, कम लागत वाला खाद है जिसके माध्यम से भूमि को उपजाऊ बनाया जा सकता है।

# डा.एच.एस. गिल इंडिया के श्रेष्ठ सिख बिजनैस लीडर्स में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला के आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल को डा. प्रभलीन सिंह द्वारा लिखित पुस्तक टॉप-51 सिख बिजनैस लीडर्स ऑफ दी इंडिया में श्रेष्ठ बिजनैस लीडर के रूप में शामिल किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा दिल्ली में आयोजित समारोह में किया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डा.एच.एस. गिल को बधाई भी दी है और मैडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में योगदान की सराहना भी की है। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक में डा. गिल को श्रेष्ठ बिजनैस लीडर्स का सम्मान मिलने के साथ-साथ समाज के प्रति उनकी सेवाओं व उपलब्धियों का जिक्र भी किया गया है। आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने कहा कि यह सम्मान उन्हें प्रतिष्ठित लेखक डा. प्रभलीन सिंह की कलम से मिला है और निश्चित तौर पर यह सम्मान उन्हें समाज के प्रति पहले से ज्यादा सशक्त ढंग से जिम्मेवारी निभाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# तलहेड़ी में 26वां मुफ्त नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

## कैंप में 236 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई कैंप में जरूरतमंदों को दवाइयां फ्री में वितरित की गई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा द्वारा रामनवमी के उपलक्ष में कपिल आंखों का अस्पताल बराड़ा के सहयोग से 26 वां मुफ्त नेत्र जांच शिविर गांव तलहेड़ी के कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव शर्मा ब्लॉक समिति सदस्य द्वारा की गई जबकि सोनिया प्रोचा जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की मलकीत सिंह उप चेयरमैन ब्लाक समिति बराड़ा व



सुखविंदर सिंह जिला परिषद सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे गांव के सरपंच रिंकू मचल ने बताया कि कैंप में 236 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई कैंप में जरूरतमंदों को दवाइयां फ्री में वितरित की गई

**8 गरीब व असहाय लोगों के ऑपरेशन संस्था की तरफ से फ्री में करवाए जाएंगे: सरपंच रिंकू मचल**

गरीब व असहाय लोगों के ऑपरेशन संस्था की तरफ से फ्री में करवाए जाएंगे इस अवसर अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच जयपाल शर्मा संस्था के महासचिव मोहन प्रोचा मांगेराम श्यामलाल शर्मा बलदेव शर्मा हेमंत शर्मा डॉक्टर रमन रावत डॉक्टर वसीम परीक्षित साक्षी व रितिका उपस्थित रहे।

# 'ईशा फाउंडेशन का सात दिवसीय योग कैंप 5 अप्रैल से'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** ईशा फाउंडेशन पिछले दो सालों से नियमित रूप से इनर इंजीनियरिंग नाम से अपने योग कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। योग के प्राचीन विज्ञान को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से पानीपत में पहली बार ईशा फाउंडेशन, ईशा योग के हिन्दी कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। सद्गुरू द्वारा अभिकल्पित, विश्वास प्रणाली, आदर्श स्वास्थ्य, स्पष्टता एवं शांति तक पहुंचाने का यह एक व्यवस्थित तरीका है।

अमापनीय प्राचीनता की एक शक्तिशाली प्रक्रिया, पवित्र शाम्भवी महामुद्रा क्रिया का संचरण है और ये अभ्यास आपके जीवन को अपने अंदर से निर्देशित करने के लिये शक्ति, उत्साह एवं अन्तर्दृष्टि को सक्रिय करते हैं एवं स्वास्थ्य व आंतरिक सुख को बढ़ाते हैं। ईशा योग के अभ्यास के लिये न तो शारीरिक फुर्तीलेपन की आवश्यकता है और न ही योग के पहले से ज्ञान होने की। नियमित रूप से अभ्यास करने पर ये उपकरण व्यक्ति के जीवन के अनुभव को कई प्रकारों से बढ़ाने की संभावना रखते हैं।

ईशा फाउंडेशन की वॉलंटियर गरीमा मलिक ने रविवार को बताया कि पानीपत शहर के माडल टाउन स्थित आर्य समाज मंदिर के पास सेवा सदन में सात दिवसीय कैंप का 5 से लेकर 11 अप्रैल तक आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय प्रोग्राम में भाग लेने के लिये पहले से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। गरीमा ने बताया कि ईशा योग शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है। इसने अनगिनत लोगों को दमा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गठिया, स्पोनडलायटिस, माइग्रेन, साइनसाइटिस, एलर्जी समस्याओं आदि से छुटकारा पाने में मदद की है।

# 'कोरोना के मामलों पर पूरी निगाह, जायजा लेने के लिए अधिकारियों की बैठक बुलाई'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**
**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कोरोना के मामलों का सारा जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सोमवार दोपहर बैठक बुलाई गई है और बैठक के उपरांत ही आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान विज ने कहा कि कोरोना के मामलों को लेकर हमने पूरी निगाह बनाई हुई है और इससे निपटने के लिए हमारे पास पूरी तैयारियां है। इसका जायजा लेने के लिए ही बैठक बुलाई गई है।

**केजरीवाल न तो किसी कोर्ट और न ही संविधान की मानते हैं, उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं रहा है - विज**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद्र केजरीवाल पर कोर्ट द्वारा जुमार्ना लगाए जाने के बावजूद उनके द्वारा प्रधानमंत्री की डिग्री की मांगने पर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि "केजरीवाल न तो किसी कोर्ट और न ही संविधान की मानते हैं, उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं रहा है और उनका सब कुछ बाहर आ गया है"। विज ने कहा कि"उन्हें तो लगा था कि केजरीवाल झाडू लेकर गंद को बाहर निकालने के लिए लगे थे, मगर इन्होंने झाडू से बाहर का भी सारा गंद इकट्?ठा कर अपने अंदर डाल लिया है"। उन्होंने केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि "इनके लोग जेल में है और हर तरह का काम यह कर रहे हैं"।

**राहुल गांधी को जो सजा हुई है वह सजा कोर्ट ने की है - विज**

कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को क्रांतिकारी बताने पर पूछें गए प्रश्न के उत्तर में गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि "राहुल गांधी को जो सजा



हुई है वह हमने नहीं कि और न ही किसी एसपी-डीसी ने की है। यह सजा कोर्ट ने की है और बकायदा सुनवाई करते हुए दी है, राहुल गांधी को भी अपनी बात कहने का मौका दिया गया"। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि "अब यह (कांग्रेस) प्रदर्शन और तमाशा करते फिर रहे हैं इसका सीधा मतलब है कि यह कोर्ट के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं जोकि कोर्ट की अवमानना है"। उन्होंने कहा कि "राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि आपातकाल के दौरान बिना किसी कसूर के कांग्रेस पार्टी ने 1,10,876 लोगों को जेल में डाल दिया था, लोगों को खींच-खींच कर ले गए थे और जबरन नसबंदी की गई जिनमें कई कवारों की भी नसबंदी कर दी गई"। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि"ऐसे लोगों को संविधान की बात बोलने का क्या अधिकार है, यह तो चुप करके कोर्ट के आदेशों की पालना करें"।

**नवजोत सिद्धू के पास बयानबाजी के अलावा और कुछ नहीं है - विज**

कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू के जेल से छूटते ही केंद्र सरकार के खिलाफ दिए जुबानी बयान के संबंध पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री अनिल विज ने चुटकी लेते हुए कहा कि "आठ-नौ महीने से नवजोत सिद्धू जेल में थे और उनकी (जुबान) रूकी हुई थी, अब जेल से बाहर आकर उन्होंने वह निकाल दी है और नवजोत सिद्धू के पास बयानबाजी के अलावा और कुछ नहीं है"।

**"ऋषियों की तरह तूने बस प्यार को बांटा है, साधु की तरह तूने जीवन ये गुजारा है..."**: गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर उनको समर्पित गीत युवा गायक अनस साबरी ने सुनाया।
इस गीत की गृह मंत्री अनिल विज एवं अन्य सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि इस गीत के शब्द मशहूर शायर बिलाल सहारनपुरी द्वारा लिखे गए हैं जोकि इस दौरान मौजूद रहे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

